Regarding inquiry of alleged fraud by Gyanradha Multi State Cooperative Society

डॉ. कल्याण वैजीनाथराव काले (जालना) : मैं आपके माध्यम से सरकार को एक बात बताना चाहता हूं । मेरे चुनाव क्षेत्र जालना, महाराष्ट्र और महाराष्ट्र से बाहर वर्ष 2006 में ज्ञानराधा मल्टी कोऑपरेटिव स्टेट सोसाइटी स्थापित की गई । इसकी महाराष्ट्र और महाराष्ट्र के बाहर 51 शाखाएं हैं, जिनमें 5000 लोगों ने 1500 करोड़ रुपये डिपोजिट रखे हैं । मैं आपके माध्यम से सरकार को बताना चाहता हूं कि इसका मास्टर माइंड सुरेश कुटे है, उसके ऊपर पुलिस ने दस केस भी दाखिल किए हैं । उसने लोगों को लालच देकर, डिपोजिट पर 12 से 14 परसेंट इन्टरस्ट देने की बात कहकर गरीब लोगों से पैसे जमा कर लिए लेकिन इसके बाद वह रफूचक्कर हो गया । उसने बहुत सी प्रापर्टी भी परचेज की है । मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करूंगा कि उसके ऊपर जल्द से जल्द कार्रवाई करे । गरीब लोग, जो डिपोजिटर्स हैं, उनको सरकार की तरफ से राहत देने के लिए कदम उठाए जाएं । धन्यवाद ।